पत्र संख्या-स्था0-6 सामान्य -प्रशिक्षण (2016-17)/ 2810 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना-अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ : दिनांक : 05 सितम्बर,2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि आगामी वर्ष से जी0एस0टी0 की व्यवस्था प्रभावी हो रही है, इसके दृष्टिगत कमिश्नर महोदय द्वारा यह निर्देश दिये गये हैं कि वाणिज्य कर विभाग के विभिन्न कार्यालयों में तैनात नवप्रवेशी कनिष्ठ सहायकों / आशुलिपिकों को विभाग की कार्य-प्रणाली / जी0एस0टी0 से सम्बन्धित तथ्यों की जानकारी प्राप्त कराने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित करायी जाय।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने जोन के अन्तर्गत तैनात नवप्रवेशी कनिष्ठ सहायकों / आशुलिपिकों को विभागीय कार्य-प्रणाली से सम्बन्धित समस्त प्राविधानों की जानकारी देने हेतु जोन में तैनात भिज्ञ अधिकारियों को नामित करते हुए तिथि नियत कर दिनांक 09-09-2016 तक सूचना से मुख्यालय को अवगत कराया जाय।

(रण विजय यादव)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी-प्रथम, वाणिज्य कर, मुख्यालय को कमिश्नर महोदय के अवलोकनार्थ।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।